
# डिग्री कॉलेज बैढ़न में बड़ा एक्शन, गेस्ट फैकेल्टी की सेवा समाप्त

## छात्रा से अश्लील बातचीत का मामला, महिला थाना में दर्ज है अपराध, जांच समिति के सामने छात्रा ने खोले राज, प्राचार्य ने दिखाई सख्ती

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (डिग्री कॉलेज) बैढ़न में कार्यरत गेस्ट फैकेल्टी डॉ. शिवेश साकेत की सेवाएं प्राचार्य द्वारा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।**

यह कार्रवाई उस गंभीर मामले के सामने आने के बाद की गई है, जिसमें गेस्ट फैकेल्टी पर एक छात्रा से वॉइस कॉल के माध्यम से अश्लील बातचीत करने के आरोप लगे हैं। इस मामले को लेकर महिला थाना बैढ़न में पहले ही आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा चुका है। महाविद्यालय में प्राचार्य की 8 महीने के दौरान यह दूसरी कार्रवाई है। यहां बताते चले कि एक छात्रा ने साहस दिखाते हुए पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला उजागर होने के बाद महाविद्यालय प्रशासन हरकत में आया और प्राचार्य के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। आज दिन सोमवार को छात्रा जांच समिति के समक्ष पेश हुई, जहां उसने विस्तार से बताया कि



किस तरह आरोपी गेस्ट फैकेल्टी द्वारा लगातार वॉइस कॉल और मैसेज के जरिए मानसिक प्रताड़ना की गई। जांच समिति के समक्ष छात्रा के बयान और उपलब्ध तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य डॉ. एमयू सिद्धिक्की ने डॉ. शिवेश साकेत की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। सेवा समाप्ति का पत्र जारी होते ही कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। प्रशासन की इस कार्रवाई को छात्रों और अभिभावकों ने सही दिशा में उठाया गया सख्त कदम बताया है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में इस तरह के कृत्य कितने शर्मनाक और अस्वीकार्य हैं। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि किसी भी स्थिति में छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो।

### प्रबंधन की सख्त कार्रवाई के कई संदेश

महाविद्यालय प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि शिक्षा संस्थानों में अनुशासन, मर्यादा और नैतिकता से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। वहीं अब सभी की निगाहें पुलिस जांच पर टिकी हैं, जिससे आरोपी के खिलाफ कानूनन कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया जा सके।



# फिर काटा ओएचई, 19 घंटे ठप रहा रेल परिचालन

## अब तक पांचवीं घटना

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 19 जनवरी। कबाड़ियों द्वारा सात पोलों के बीच बिछाए गए ओएचई ओवरहेड बिजली तार काट कर चोरी कर लिए जाने से करीब 19 घंटे मालगाड़ियों का परिचालन ठप रहा। खाली व कोयला भरा वैगन लेकर रेल रैक खड़ी हो गई। इसके चलते एनसीएल को लाखों की क्षति पहुंचने की बात कहीं जा रही है।**

एनसीएल झिंगुरदा कोयला क्षेत्र से रोजाना करीब पांच से छः रैक कोयला विभिन्न स्थानों को भेजा जाता है। इसके लिए कोयला परियोजना से रेलवे के मुख्य लाइन तक रेल ट्रैक बिछा कर उसे ओएचई से जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि बीते दिन रविवार की रात कबाड़ी गैंग ने चटका नाला व झिंगुरदा बस्ती के बीच मौजूद सात पोलों के बीच का सात सौ मीटर ओएचई तार को काट लिया। इसके चलते रेल परिचालन ठप हो गया। जानकारी के बाद कोल प्रबंधन में खलबली मच गई। रेलवे कर्मचारियों ने घटना को कबाड़ गैंग व सुरक्षा कर्मियों के गठजोड़ का नतीजा बताया। बताया गया कि इससे पहले चार बार ओएचई कटने की घटना हो चुकी है। पिछले साल 7 अक्टूबर 23 अक्टूबर, 16 अक्टूबर सहित अन्य तिथियों में ओएचई काटे जाने की घटनाएं हो चुकी हैं।

रविवार को ओएचई कटने से झिंगुरदह रेलवे साइडिंग में कोयला भरी एक रैक व एक खाली रैक खड़ी हो गई। कर्मचारियों ने अथक प्रयास से आज दिन सोमवार शाम छः बजे तक ओएचई सही किया, तब जाकर परिचालन शुरू हो सका। बताया जा रहा है कि झिंगुरदह से रोजाना चार रैक कोयला निकलता है।

# सिराज ने बंद कमरे में की आत्महत्या

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। गोभा पुलिस चौकी क्षेत्र के चरगोड़ा निवासी एक युवक ने आज दिन सोमवार को बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक के परिजनो ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर सनसनी मचा दिया है।**

जानकारी के अनुसार चरगोड़ा निवासी सिराज खान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। यह फांसी बंद कमरे में लगाया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि सिराज पर पुलिस बेवजह दबाव बना रही थी कि एक लड़की को भगाने में भूमिका निभाए हो। जबकि सिराज लगातार इन आरोपो खारिज भी कर रहा था और घर से भागी लड़की अपने पिता पर मारपीट का आरोप लगाई भी है और लड़की फोन पर इस बात का जिक्र भी की है।

इसके बावजूद पुलिस सिराज की बात को सुनने को तैयार नही, बल्कि उसे चौकी बुलाकर कई घंटो तक डाट फटकार, जेल भेजने की धमकी भी दे रही थी। मारपीट की गई है कि नही इसकी पुष्टि नही हो पाई। वहीं परिजनों का यह भी आरोप है कि पुलिस इसके एवज में सुविधा शुल्क भी मांग रही थी। फिलहाल मृतक के परिजनों ने उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कराकर चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों के विरूद्ध प्रताड़ना का अपराध पंजीबद्ध किये जाने की मांग की है।

# दो ट्रकों के बीच में सीधी टक्कर, एक गंभीर

## रीवा-मनगवां हाईवे की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, रीवा-मनगवां हाईवे पर रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौडिया के समीप दो ट्रकों के बीच सीधी टक्कर हो गई. हादसे में एक चालक जहां गंभीर रूप से घायल है वहीं दूसरा चालाक ट्रक की स्टेरिंग में फंस गया. जिसे स्थानी लोगों और पुलिस की मदद से निकाला गया.**

घटना के बाद रीवा मानगवा हाईवे में एक तरफ से आवागवन पूरी तरह से बंद हो गया है ट्रकों को अलग करा कर पुलिस ने आवागवन बहाल कराया.

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा मनगवा हाईवे के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौडिया के समीप रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक से दूसरा ट्रक जा टकराया. दो ट्रकों के बीच हुई सीधी टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसमें से एक चालक को पुलिस ने ट्रक से बाहर निकाल कर तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा. जबकि दूसरे ट्रक का चालक स्टेरिंग में फंस गया. जिसे काफी मसक्कत के बाद निकाला जा सका. घटना के बाद रीवा मनगवा हाईवे पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई है और एक तरफ से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया. पुलिस फिलहाल दोनों ट्रकों को अलग कराकर चालक को बाहर निकाला और आवागमन बहाल कराया.

# ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में शिविर आज

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने बताया कि ईसीएचएस पालिक्लीनिक जवाहर नगर गली नम्बर 2 स्टेडियम के पास सतना में मिलिट्र अस्पताल जबलपुर द्वारा 20 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक मेडीकल कैम्प का आयोजन किया जायेगा।**

मेडीकल कैम्प में मेडीकल, सर्जिकल, स्त्री रोग, दन्त चिकित्सक, आंख रोग, नाक-कान-गला रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं आहार सलाहकार परामर्श प्रदान करेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने ईसीएसएच लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर स्थल पहुंचकर मेडिकल कैम्प का लाभ उठाएं और अपने अन्य ईसीएचएस साथियों को भी इस संबंध में सूचित करें।

# रीवा में पति-पत्नी को लाठी से पीटा, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी, रीवा शहर में पति पत्नी से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. खाली पड़े प्लाट की सफाई के दौरान धूल उड़ने पर पड़ोसी ने पहले पत्नी को लाठी डंडे से मारा और जब पति ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की.**

मामला शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र वार्ड क्रमांक 5 पड़रा में स्थित दुर्गा कॉलोनी का है. फिलहाल पति पत्नी से हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पड़ोसी पति पत्नी को लाठी डंडे से मारता नजर आया है. मामले में पुलिस ने पीड़ित दंपति की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है और घटना की जांच शुरू कर दी है. बताया गया पीड़ित चाय का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है और उसी से कुछ पैसे बचाकर एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी सफाई करने पर पड़ोसी ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी. पीड़ित दंपति राजकुमार यादव और पत्नी विभा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्गा कॉलोनी में स्थित खाली पड़े प्लाट की वह सफाई करने पहुंचे थे. आरोप है कि सफाई के दौरान धूल उड़ने पर पड़ोस में रहने वाले ललिता प्रसाद पाठक ने विभा पटेल को ना सिर्फ सफाई करने से रोक दिया बल्कि प्लॉट में घर बनाने पर जान से मारने की धमकी दी. बताया गया कि कहासुनी के दौरान पड़ोसी ने पहले पीड़ित महिला को डंडे से पीटा और जब पति ने विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की. फिलहाल पति पत्नी के साथ हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसे पुलिस ने जांच में लिया है.

# अवैध शराब व महुआ लाहन जब्त

## आबकारी विभाग की अवैध शराब का विक्रय करने वालों के विरूद्ध की गई कार्रवाही

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में वृत्त सरई के अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय की सूचना मिलने पर कार्यवाही आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाही कर 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 240 किलो महुआ लाहन को जप्त करने की कार्रवाही की गई है।**

आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही के दौरान ग्राम झारा कारवाही टोला, चमारी ढोल, बगीचा टोला, बंजारी, धुम्माडोल भरसेड़ी ग्राम में दबिश दी जाकर प्रकरण पंजीबद्ध किये गए।

दबिश के दौरान आरोपी छोटेलाल जायसवाल पिता मोहनलाल जायसवाल के रिहायशी मकान से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया, आरोपीया सुनीता जायसवाल पत्नी राजकुमार जायसवाल के रिहायशी मकान से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया, आरोपिया पानकली जायसवाल पत्नी रामाधार जायसवाल के रिहायशी मकान से 240 किलो महुआ लाहन व 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद किया गया। आरोपी संतोष प्रजापति पिता छत्रपति प्रजापति के रिहायशी मकान से 101 नग देशी मदिरा प्लेन बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन की धारा 34(1)(क) एवं (च) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 36825 रुपये हैं। कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह, आबकारी आरक्षक रामनरेश साहू, आलोक सिंह, अमरपाल सिंह, अनुज भुंजिया, धीरू सिंह, रितिका चौकसे, अंकिता त्रिपाठी एवं नगर सैनिक प्रकाश मिश्रा, बीरबल साकेत मौजूद रहे।

# सड़क व प्रदूषण के मुद्दे पर लोगों की पदयात्रा के साथ प्रदर्शन

## स्कूली बच्चों के साथ सड़क पर उतरे ग्रामीण, विनाश की कीमत पर विकास नहीं का नारा लगाया

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 19 जनवरी। खस्ताहाल सड़क, ओवरलोड राख परिवहन से पैदा प्रदूषण सहित गांव की अन्य समस्याओं को लेकर कोटा के ग्रामीण व स्कूली बच्चे आज दिन सोमवार की सुबह सड़क पर उतर गए।**

ग्रामीणों व बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर पदयात्रा किया और पावर प्रोजेक्ट के गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान विनाश की कीमत पर विकास नहीं का नारा लगाया गया। म.प्र. बार्डर से कोटा होते हुए खड़िया बाजार व कोटा से पीडब्ल्यूडी मोड़ तक की सड़क पावर




प्रोजेक्ट से उत्सर्जित राख के ओवरलोड परिवहन से पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। खस्ताहाल सड़क से गुजरने वाले ओवरलोड ट्रक ट्रेलरों से प्रदूषण बढ़ गया है। इस अव्यवस्था से हर तबके के लोग प्रभावित हैं, लेकिन स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। क्षतिग्रस्त सड़क पर बड़े वाहनों के दौड़ने से बच्चों सहित सभी राहगीरों का जीवन खतरे में पड़ गया। इस मसले पर ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से पावर प्रोजेक्ट प्रबंधन को कई बार आगाह किया, लेकिन गंभीरता नहीं दिखाई गई। इसी से नाराज ग्रामीण सड़क पर उतर गए। कोटा स्थित अयप्पा मंदिर से हाथों में तख्तियां लेकर ग्रामीण व बच्चों ने पदयात्रा शुरू कर दिया। पावर प्रोजेक्ट के कोटा गेट पर पहुंच ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और अव्यवस्था के लिए पावर प्रोजेक्ट प्रबंधन को जिम्मेदार बताते हुए नारेबाजी की। काफी संख्या में ग्रामीणों के गेट पर पहुंचने व प्रदर्शन की सूचना से अधिकारियों में खलबली मच गई। इसके बाद प्रबंधन के अधिकारी नरेश कुमार ग्रामीणों के बीच पहुंचे और बात किया। इस दौरान आशीष चौबे ने सलीके से ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारी के समक्ष रखा और समाधान की मांग की।

इस पर नरेश कुमार ने हर संभव सहयोग के आश्वासन के साथ सड़क मरम्मत, पानी का छिड़काव, खेल मैदान सहित अन्य मुद्दों पर सकारात्मक रूख दिखाया। अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद ग्रामीण वापस लौट गए।

# सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का अधिकारी शीघ्र करें निराकरण : गौरव

## कार्यपालन यंत्री पीएचई को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। संकल्प से समाधान अभियान के तहत शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करायें तथा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का विभागीय अधिकारी तत्परता से निराकरण कर पालन प्रतिवेदन दें।**

उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के



दौरान कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो में लापरवाही बरतने एवं समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कार्यपालन यंत्री पीएचई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सकंल्प से समाधान अभियान में भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं को लाभ से वंचित हुयें पात्र हितग्राहियों को विभागीय लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत लाभान्वित कराएं। वही अग्रणी बैंक के एलडीएम को निर्देशित किया कि जो भी हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरण बैको में लंबित हैं, उन्हे शीघ्र निराकृत कराकर हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। वही टीएल के लिए निर्धारित किए गए आवेदनों के निराकरण की प्रगति समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर टीएल में चिन्हित किए गए आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। साथ ही सीएम हाउस, प्रभारी मंत्री कार्यालय एवं जन सुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्र का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि कुछ विभागो के द्वारा शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जिले की रैकिंग प्रभावित हो रही है।

उन्होंने विभगीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागो में लंबित शिकायतो का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर पालन प्रतिवेदन दे। बैठक के दौरान जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रार्थना हॉस्पिटल रीवा में आधुनिक रोबोटिक तकनीक से घुटनों का सफल प्रत्यारोपण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जनवरी. चिकित्सा जगत में नित नई तकनीकों के समावेश ने असाध्य रोगों का उपचार सुगम बना दिया है। इसी कड़ी में विंध्य क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रार्थना हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर पीटीएस रोड, फ्लाईओवर के पास नए बस स्टैंड के समीप, रीवा म.प्र.ने रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं।**

अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.राहुल कुंदर के नेतृत्व में अब मरीजों को विश्वस्तरीय तकनीक का लाभ स्थानीय स्तर पर मित्र रहा है। डॉ कुंदर ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी पारंपरिक पद्धति से तुलना में कहीं बेहतर तकनीक, अधिक



सटीक और सुरक्षित मानी जाती है। इसमें सर्जन एक कंप्यूटर गाइडेड रोबोटिक सिस्टम की मदद लेते हैं, जो मरीज के घुटने का 3 डी डिजिटल मैप तैयार करता है। इससे अत्यधिक सटीकता रोबोटिक आर्म के उपयोग से इंप्लांट को घुटने में बिल्कुल सटीक जगह पर फिट किया जाता है, जिससे घुटने का मूवमेंट प्राकृतिक महसूस होता है और कम चीर-फाड़ और मांसपेशियों को कम नुकसान होने के कारण मरीज सर्जरी के कुछ घंटों बाद ही चलने में सक्षम हो जाता है।

### हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाएं

प्रार्थना हॉस्पिटल विंध्य का एक अग्रणी 100 बेड वाला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है। यहां मरीजों के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर संक्रमण रहित और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है, पात्र मरीजों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की व्यवस्था।

# कॉम्बिंग में 282 बदमाशों की निगरानी

**सिंगरौली 19 जनवरी।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सिंगरौली पुलिस द्वारा बीती रात व्यापक नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र हेमंत चौहान के निर्देशन तथा एसपी मनीष खत्री और एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन में यह सख्त कार्रवाई की गई। जिले के सभी अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में थाना-चौकी स्तर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित की गईं।

# एनसीएल में कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा का हुआ आगाज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जनवरी। एनसीएल में कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा 2025-26 का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष एनसीएल में यह पखवाड़ा 19 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है।**

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित निदेशक मनीष कुमार ने गुणवत्ता सुधार के लिए नए मानक तय करने और पूर्व उपलब्धियों को आधार बनाकर आगे बढ़ने एवं शत-प्रतिशत गुणवत्ता युक्त कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए



उपस्थित सभी से आह्वान किया। कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक रजनीश नारायण ने कहा कि गुणवत्ता कंपनी के राजस्व, वित्तीय स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा से सीधे जुड़ी है। उन्होने उपस्थित सभी को गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल ने कहा कि कोयले की गुणवत्ता जीवनकी गुणवत्ता जैसी ही आवश्यक है एनसीएल की कोयला गुणवत्ता में निरंतर सुधार से उपभोक्ताओं का भरोसा और सुदृढ़ होगा। इस दौरान महाप्रबंधक ने कंपनी के गुणवत्ता संबंधी लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने सभी को कोयला गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए एनसीएल को गुणवत्ता के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करने की शपथ दिलाई।

एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना, विश्वसनीय, निष्पक्ष नवभारत समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99